भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या1523

जिसका उत्तर 15दिसम्बर, 2023 को दिया जाना है।

24 अग्रहायण,1945(शक)

इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग एजेंसियों को पैनल में शामिल करने हेतु निविदा

1523.श्रीमल्लिकार्जुन खरगेः

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने 'मेरी सरकार' के साथ पैनल में शामिल करने हेतु इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग एजेंसियों के चयन हेतु पैनल में शामिल करने के अनुरोध (आरएफई) हेतु निविदा जारी की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) निविदा के 'व्यापक लक्षित आबादी तक इसकी पहुंच और नागरिक सहभागिता बढ़ाने' के उद्देश्य के कारण क्या हैं;

(ग) सरकार द्वारा प्रस्तावित 'नागरिक सहभागिता कार्यक्रमों' और 'जागरूकता अभियानों' का ब्यौरा क्या है;

(घ) परियोजना की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस परियोजना के लिए आज की तारीख तक आबंटित और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) से (ङ): माईजीओवी की स्थापना सहभागी शासन को बढ़ावा देने के लिए एक नागरिक सहभागिता मंच के रूप में की गई है। माईजीओवी ने इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध करने के लिए पैनल हेतु एक अनुरोध (आरएफई) प्रकाशित किया। यह केवल पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया है जिसके तहत 8 एजेंसियों को माईजीओवी के साथ सूचीबद्ध किया गया है।

****